






02 जब तक मुकाम हासिल न हो लक्ष्य से पीछे न हटें : राहुल

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04 मानव अधिकार केवल पुलिस नहीं पूरे समाज का मसला: राजेश चेची



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 15 जून 2022 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | शक संवत 1443, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, मूल्य, 2.00 रुपए


## गांव चंदावली में रक्तदान शिविर लगाया



पृथला। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा चंदावली गांव की पंचायत वाटिका में महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस व एनएसएस की इकाइयों, फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया और डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से विश्व रक्तदाता दिवस व संत कबीर दास जयंती के पावन अवसर पर रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया द्य जिसमें 97 लोगों ने अपने रक्त चाप व मधुमेह की जांच कराई द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी का इस तरह के शिविरों के आयोजन के पीछे जो लक्ष्य है वह उन लोगों को सहायता प्रदान करना है जो धन के अभाव से अपने स्वास्थ्य जांच नही करा पाते द्य प्राचार्य जी ने यह भी बताया कि इस रक्तदान शिविर में एकत्रित किया रक्त थैलेसीमिया से ग्रस्त बच्चों के जीवन को बचाने के काम आएगा, वास्तव में यह रक्तदान उन बच्चों के लिए जीवनदान होगा द्य प्राचार्य जी सदैव छात्रों व स्वयं सेवकों को सामाजिक कार्यों समाज सेवा के लिए प्रेरित करते रहते हैं द्य गौरतलब है कि रक्तदान शिविर में 37 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ द्य शिविर के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य जी ने फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के महासचिव रविंद्र डूडेजा, एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ.शोभना गोयल, डॉ. सीमा मलिक, यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर सुभाष कैलोरिया व लवकेश, महेन्द्र भारद्वाज व सौरव गुप्ता को बधाई दी। गांव चंदावली के लोगों द्वारा शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लेने पर महाविद्यालय परिवार ने जनमानस का आभार व्यक्त किया।